प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/767 दिनांक: 02 मार्च, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र / छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षायें आयोजित कराये जाने तथा आतंरिक अंकों को ई0आर0पी0 अपलोड किये जाने हेतु तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 733 दिनांक 23 फरवरी, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के तालिका में अंकित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 26 फरवरी, 2024 से दिनांक 02 मार्च, 2024 के मध्य आयोजित कराई जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के सन्दर्भ कतिपय संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए छात्रहित के दृष्टिग्त प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट परीक्षायें सम्पन्न कराने तथा प्राप्तांको को ई0आर0पी0 पर अपलोड़ / प्रेषित करने हेतु निर्धारित **अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांक 04 मार्च, 2024 को सायः 5.00 बजे** तक कर दी गई है तथा आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional) को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड / प्रेषित किये जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि **दिनांक 10 मार्च, 2024 तक यथावत्** रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्था स्तर से अपलोड किये जाने वाले प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट (ESE & Sessional) तथा थ्योरि सेशनल अंको को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड / प्रेषित कराते हुए **हस्ताक्षरित हार्ड कापी दिनांक 31 मार्च, 2024 तक स्पाइरल बाइन्डिंग** के साथ प्रत्येक दशा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में में जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

02/03/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक